यूटीयू और हेस्को मिलकर करेंगे शोध

देहरादून, वरिष्ठ संवाददाता। पर्यावरण संरक्षण, शोध और तकनीक को लेकर वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि (यूटीयू) और हिमालयन पर्यावरण अध्ययन एवं संरक्षण संगठन (हेस्को) मिलकर काम करेंगे। मंगलवार को यूटीयू में दोनों संस्थानों के बीच इसे लेकर समझौता हुआ।

इस दौरान हेस्को निदेशक पद्मभूषण डॉ. अनिल प्रकाश जोशी ने कहा कि हिमालय के विकास में विज्ञान और तकनीकी की सबसे बड़ी भूमिका है। इसलिए ऐसे समझौते का महत्व और भी बढ़ जाता है। कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने कहा कि हेस्को के साथ समझौते का उद्देश्य तकनीकी शिक्षा के विकास और उन्नति के मामलों में प्रमुख संस्थानों के साथ मिलकर छात्रों को कुशल करना भी है।